प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए अनेक महत्वपूर्ण सुधार लागू किए जिनके साकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। शिमला में आज एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्नातक डिग्री पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों के लिए अप्रेंटिसशिप समाहित डिग्री कार्यक्रम शुरू करेगी। इस पहल के तहत विद्यार्थियों को विभिन्न उद्योगों के साथ कार्य करने का अवसर मिलेगा और उन्हें स्टाइपेंड भी प्रदान किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि महाविद्यालय स्तर पर विदेशी भाषाओं के पाठ्यक्रम शुरू करने पर भी सरकार विचार कर रही है।

जज नियुक्ति

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के प्रस्ताव को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मंजूरी दे दी है। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के नेतृत्व वाले सुप्रीमकोर्ट कॉलेजियम ने प्रदेश के तीन जिला न्यायिक अधिकारियों चिराग भानु सिंह, भूपेश शर्मा और योगेश जसवाल को जज नियुक्त करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने और अधिसूचना जारी होने के बाद ये नियुक्तियां प्रभावी होंगी।

रणधीर शर्मा

प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभार रणधीर शर्मा ने कहा है कि पंचायतीराज संस्थाओं व शहरी निकायों के चुनाव परिणामों ने हिमाचल प्रदेश की राजनीति की दिशा व दशा स्पष्ट कर दी है। शिमला में आज उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने भाजपा के पक्ष में अभूतपूर्व जनादेश देकर ये संकेत दे दिया है कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का समय निकट है। रणधीर शर्मा ने कहा कि ये केवल चुनावी जीत नहीं है बल्कि जनता द्वारा कांग्रेस के खिलाफ सुनाया गया अविश्वास प्रस्ताव है।

रोस्टर

प्रदेश के चार नगर निगमों में हाल ही में हुए चुनाव के बाद राज्य सरकार द्वारा महापौर पद के लिए आरक्षण रोस्टर जारी किया गया है। सोलन, पालमपुर, मंडी और धर्मशाला नगर निगम के महापौर के पद पांच वर्ष की अवधि के लिए अनारक्षित रहेंगे। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

बिल अदायगी

नाहन शहर में लंबे समय से पानी का बिल न चुकाने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ जलशक्ति विभाग सख्त कार्रवाई करने जा रहा है। विभाग के सहायक अभियंता रोशन शर्मा ने बताया कि शहर में करीब एक सौ 20 ऐसे उपभोक्ता हैं जिन्होंने बार–बार नोटिस के बावजूद अपने बिलों की अदायगी नहीं की है। उन्होंने कहा कि यदि उपभोक्ता एक सप्ताह के भीतर अपने पानी के बिलों का भुगतान नहीं करेंगे तो बिना नोटिस उनके पानी के कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

जनगणना

प्रदेश में जनगणना–2027 के प्रथम चरण के तहत स्व–गणना अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान एक जून से 15 जून तक प्रदेश भर में संचालित किया जाएगा, जिसके माध्यम से नागरिक डिजिटल पोर्टल पर स्वयं अपनी जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसी कड़ी में बिलासपुर में उपायुक्त राहुल कुमार ने आज इस अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने जिलावासियों से स्वगणना सुविधा का लाभ उठाकर अपनी और अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने का आग्रह किया। उधर ऊना के उपायुक्त जतिन लाल ने भी जिले के सभी नागरिकों से जनगणना–2026

के प्रथम चरण में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनगणना किसी भी राज्य और देश के समग्र व संतुलित विकास की आधारशिला होती है।

सौर ऊर्जा

भारत, अमरीका को पीछे छोड़ते हुए वार्षिक सौर ऊर्जा क्षमता वृद्धि में 2025 तक विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा विकास बाजार बन गया है। केंद्रीय नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि देश की सौर ऊर्जा विकास गाथा वैश्विक मानक स्थापित कर रही है और मजबूत नीतिगत समर्थन, नवाचार व विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के माध्यम से रिकॉर्ड क्षमता वृद्धि को गति दे रहीहै। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है, जिससे ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हो रही है।

———————————————————————————